## नियम और शर्तें:-

1- यह प्रतियोगिता भारत के शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय/ उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थियों/शोधछात्रों की रचनात्मक साहित्यिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है।

2- यह प्रतियोगिता हिंदी लघुकहानी लेखन पर आधारित है। इसके लिए शब्द सीमा कम से कम 1000 और अधिकतम 3000 निर्धारित की गई है। कहानी मौलिक होनी चाहिए और इसके लिए प्रतिभागी को घोषणा पत्र लगाना अनिवार्य है।

3- इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागियों की उम्र सीमा 31 दिसंबर 2025 की स्थिति में अधिकतम 25 वर्ष निर्धारित है।

4- प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को अपनी संस्था प्रमुख/अध्यक्ष/ शोध निर्देशक से वहां के नियमित विद्यार्थी/शोधार्थी होने का प्रमाण पत्र देना आवश्यक है। स्पष्ट करना है कि शोधछात्र से यहां तात्पर्य संस्था/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में पंजीकृत शोधार्थी है। किसी प्राध्यापक/शिक्षक को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा।

5- कहानी लेखन का माध्यम हिंदी भाषा निर्धारित है और इसे कृतिदेव-10 फॉन्ट में वर्डफाइल में लिखकर निर्धारित समय में मेल करना अनिवार्य है। कहानी को किसी अन्य फॉन्ट अथवा यूनीकोड में लिखकर बदली हुई प्रविष्टि को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा। साथ ही कहानी की एक हार्ड कॉपी डाक से प्राचार्य, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव के नाम भेजना भी आवश्यक है।

6- प्रविष्टियों का मूल्यांकन कम से कम तीन विशेषज्ञों से अलग-अलग करवाया जाएगा, जो निर्धारित मानकों के अनुसार अंक प्रदान करेंगे। कुल प्राप्तांकों का औसत निकालकर प्रावीण्यता सूची निर्धारित की जाएगी।

7- विजेताओं को महंत राजा दिग्विजयदास की जयंती अथवा महाविद्यालय के किसी बड़े आयोजन में पुरस्कृत और सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आने वाले विजेताओं को किसी प्रकार का यात्रा-भत्ता नहीं दिया जाएगा।


8- प्रतियोगिता में प्राप्त समस्त प्रविष्टियों से चुनी हुई स्तरीय रचनाओं को महाविद्यालय द्वारा पुस्तकाकार प्रकाशित कराया जा सकता है। इस पुस्तक का स्वामित्व शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव के पास रहेगा।

### घोषणा पत्र का नमूना

मैं (नाम)................................................घोषणा करता हू कि (संस्था का नाम)...............................................के कक्षा/विषय............................. ......................का नियमित/पंजीकृत विद्यार्थी/शोधार्थी हूं। यह (कहानी का शीर्षक)..................................................शीर्षक कहानी मेरी मौलिक रचना है, जिसे महंत राजा दिग्विजयदास स्मृति राष्ट्रीय लघुकहानी लेखन प्रतियोगिता-2025 में शामिल करने के लिए भेर रहा हूं।

दिनांक :                                        रचनाकार का नाम एवं मोबाईल सहित पता

# शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगाँव (छ.ग.)



## महंत राजा दिग्विजयदास स्मृति

## राष्ट्रीय लघुकहानी लेखन प्रतियोगिता-2025


**प्रथम पुरस्कार-7000/**

**द्वितीय पुरस्कार-5000/**

**तृतीय पुरस्कार 3000/**

अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025

प्रविष्टि मेल करें :
shankermunirai@gmail.com



डॉ. शंकर मुनि राय
विभागाध्यक्ष हिंदी
ध्वनि संपर्क : 9893863548



डॉ. सुचित्रा गुप्ता
प्राचार्य
ध्वनि संपर्क : 9981105686